# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail : ar.affiliation@ccsuniversity.ac.in   NAAC A++   Website : www.ccsuniversity.ac.in**

**पत्रांकः–सम्बद्धता /२५४१ /2026–27** **दिनांक : 11.09.2026**

**सेवा में,**

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान**
**चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**

**विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2027–28 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों /पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाईन निस्तारण हेतु समय–सारिणी।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिवउच्च शिक्षा अनुभाग–2,उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–I/459336/2026/70-2099/28/2025 पार्ट–2 दिनांक 10.09.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2027–28 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाईन निस्तारण हेतु समय–सारिणी के निर्धारण के सम्बन्ध में है।

शासन द्वारा निम्नलिखित समय–सारणी निर्धारित की गयी है जो कि निम्नवत् है :–

| क्रमांक | कार्यवाही | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रास्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 09 सितम्बर से 31 अक्टूबर, 2026 तक |
| 02 | विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना | दिनांक 01 नवम्बर, 2026 से 05 जनवरी, 2027 तक<br>(1) अनापत्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से 07 दिन के अन्दर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को सत्यापन हेतु प्रेषित कर दिया जायेगा।<br>(2) तदोपरान्त जिलाधिकारी प्रस्ताव प्राप्त होने के अधिकतम 01 माह के अन्दर सत्यापन रिपोर्ट सम्बन्धित विश्वविद्यालय को प्रेषित कर देगा। |
| 03 | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना | दिनांक 20 जनवरी, 2027 तक। |
| 04 | ऑनलाइन अनापत्ति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 30 जनवरी, 2027 तक। |
| 05 | शासन में अनापत्ति अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 20 फरवरी, 2027 तक। |
| 06 | निरीक्षण मण्डल का गठन | निरीक्षण मण्डल का गठन दिनांक 05 मार्च, 2027 तक<br>(1) अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 28 फरवरी तक निरीक्षण मण्डल |

| | | |
|---|---|---|
| | | का गठन के सम्बन्ध में आवेदन किया जायेगा।<br>(2) तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 05 मार्च तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा। |
| 07 | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना | दिनांक 05 अप्रैल, 2027 तक। |
| 08 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 20 अप्रैल 2027 तक। |
| 09 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के सम्बन्ध में दिये गये निग्रय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 30 अप्रैल 2027 तक |
| 10 | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 20 मई, 2027 तक |

उपरोक्त समय–सारणी के अनुसार आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

11/09

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रभारी प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
03. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलसचिव